हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
19 मार्च 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 8 विधायकों को मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनायता की शपथ दिलाई।
- भारतीय जनता पार्टी ने आज करनाल के घनौंडा कस्बे में एक बड़ी चुनावी जनसभा कर, प्रदेश में चुनाव प्रचार का शंखनाद किया।
- कांग्रेस कार्य समिति ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को, पार्टी के घोषणा पत्र को अंतिम स्वीकृति देने का अधिकार दिया।
- रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में ''भारतीय संस्कृति एवं परंपरा'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- हिसार के उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा है कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

..................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंहसैनी ने आज अपने मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट एवं सात राज्य मंत्रियों को शामिल किया। जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है, उनमें डॉ. कमल गुप्ता, विशम्बर वाल्मीकि, श्रीमती सीमा त्रिखा, महिपाल ढ़ाडा, डॉ. अभय सिंह यादव, संजय सिंह, सुभाष संधा और असीम गोयल शामिल है।

मंत्रिमंडल में शामिल किए गए 8 विधायकों को आज हरियाणा राजभवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि डॉ. कमल गुप्ता जिन्हें दूसरी बार मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है ने संस्कृत में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। महिपाल ढ़ाडा, संजय सिंह, संभाष सुधा सहित 7 राज्य मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है, जबकि डॉ. कमल गुप्ता को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही हरियाणा मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या अब 13 हो गई है।

...............................................................

भारतीय जनता पार्टी ने आज करनाल के घरौंडा कस्बे में एक बड़ी चुनावी जनसभा कर प्रदेश में चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। इस रैली में करनाल लोकसभा क्षेत्र से लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार मनोहर लाल सहित प्रदेश के सांसद, कैबिनेट मंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। हमारे संवाददाता पवन शर्मा ने बताया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा किसी कारण जनसभा में शामिल नहीं हो सकें।

मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए संजय भाटिया की तरह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से जिताने की अपील की। श्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐसी योजनाएं बनी है जिनका असर आज साफ नजर आ रहा है। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए श्री सैनी ने कहा कि पहले के लोग केवल अपने परिवार के लिए काम करते थे, लेकिन अब देश व प्रदेश सरकार लोगों के लिए काम कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे वह शत प्रतिशत (100%) पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबी हटाने के नारे दिए जाते थे लेकिन गरीबी नहीं हटी। परंतु वर्तमान केंद्र सरकार ने सवा सौ करोड लोगों को अपनी विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनका जीवन स्तर ऊपर उठाया है। अब युवाओं के अभिभावकों को नौकरी के लिए किसी के दरवाजे पर चक्कर काटने नहीं पड़ते।

हरियाणा में बिना खर्ची व पर्ची के रोजगार दिया जा रहा है। श्री सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस आम चुनाव में बीजेपी प्रदेश की 10 की 10 सीटें जीतेंगी और केंद्र में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में सरकार बनायेगी।

लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कई पदों पर रहते हुए उन्हें प्रदेश की सेवा करने का मौका मिला है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल को मुख्यमंत्री का शहर बनाए रखने के लिए उन्होंने नायब सैनी के लिए विधायक पद से त्यागपत्र दिया। ऐसा करके उन्होंने अपने ऊपर करनाल की जनता का जो ऋण है उसे उतारने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के माध्यम से भी वे करनाल क्षेत्र की जितनी सेवा हो सकेगी, वे करेंगे।

..................................................................

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा की 102 सीटों के लिए चुनाव होगा।
हरियाणा में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सांतवें चरण में पहली जून को मतदान होगा।
पहले चरण के लिए उम्मीदवार इस महीने की 27 तारीख तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं जबकि मतदान 19 अप्रैल को होगा।

...............................................................

कांग्रेस कार्य समिति ने आज आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के घोषणा-पत्र पर चर्चा की।
समिति की नई दिल्ली में हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसमें प्रियंका गांधी वाड्रा, पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह, अजय माकन और के. सी. वेणुगोपाल मौजूद रहे।
श्री वेणुगोपाल ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कार्य समिति ने कांग्रेस के अध्यक्ष को घोषणा-पत्र को अंतिम स्वीकृति देने का अधिकार दिया है।
श्री खरगे ने इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया था कि उनकी पार्टी का घोषणा-पत्र विश्वास और प्रतिबद्धता का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि देश परिवर्तन की मांग कर रहा है।

...............................................................

रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आज भारतीय संस्कृति एवं परंपरा विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के संस्कृत के प्रोफेसर डा. जेम्स मैलिनसन ने हठ योग की प्रक्रिया एवं परंपरा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने भारत में नाथ संप्रदाय की ओर से हठ योग के प्रचलन की ऐतिहासिक जानकारी भी सांझा की।
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. ए. एस. मान ने कहा कि जरूरत है कि प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी अपनी जड़ों से जुडक़र भारत की कालजयी परंपराओं का अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि योग भारत की समृद्ध आध्यात्मिक-सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है। योग के जरिए आत्म ज्ञान तथा विज्ञान से जुड़ा जा सकता है।
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यौगिक अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. सुरेंद्र कुमार ने भारत में तपस्वी परंपरा तथा योग के गौरवशाली इतिहास बारे बताया। इस संगोष्ठी की आयोजन सचिव डा. अंजलि दूहन ने संगोष्ठी की विषय वस्तु के बारे में बताया।

...............................................................

हिसार के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा है कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आज हिसार में एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश की अनुपालना सुनिश्चित करवाना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने सी-विजिल ऐप बनाया है। इस ऐप पर कोई भी नागरिक वीडियो व ऑडियो बनाकर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकता है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से पूर्ण करवाई जाएगी। उन्होंन कहा कि धारा 144 की उल्लंघना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे थाना स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तिओं की पहचान कर उन पर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ लगते राज्यों की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। श्री हांडा ने उन्होंने लोगों से अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस स्टेशन में जमा करवाने की अपील भी की।

...............................................................

अंबाला के पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा है कि आचार संहिता लागू होने के बाद से ही अंबाला पुलिस पूरी तरह से सतर्क गई है।

श्री रंधावा ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से करवाने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग के साथ पुलिस की भी रहेगी।

उन्होंने कहा कि अंबाला, हरियाणा पंजाब सीमा पर है ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इस लिए सीमा पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है। किसी तरह की गड़बड़ी, नशे व पैसे का इस्तेमाल न हो इसके लिए भी पुलिस ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से होगा। उन्होंने आहवान किया कि जिनके पास भी हथियार है, वे अपने हथियार थाने में जमा करवा दें और पुलिस को सहयोग करें।

...............................................................

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), की ओर से जून सत्रांत की परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन परिक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी 31 मार्च तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। वहीं पहली अप्रैल से 30 अप्रैल तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकेगा।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से इग्नू की वेबसाइट ignou.ac.in पर होगा।

उन्होंने बताया कि इग्नू के करनाल क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत कुल 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विद्यार्थी आवेदन करते समय परीक्षा केंद्र का चयन कर सकते है।

...............................................................